# INDIAN SCHOOL NIZWA - WORKSHEET

Hindi

Hindi Work sheet ( अपठित गद्यांश )

Name: ___________________ Date:_____________ Class: VIII Sec: ___

**निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : ------**

पुस्तकालय दो शब्दों से मिलकर बना है - पुस्तक + आलय, जिसका अर्थ है पुस्तकों का घर । पुस्तकालय वह स्थान है, जहाँ विभिन्न विषयों पर अनेक पुस्तकें पढ़ने को मिल सकती हैं । पुस्तकालय ज्ञान बढ़ाने का साधन है । प्रत्येक विद्यालय में पुस्तकालय अवश्य होता है जिसमें अलग-अलग विषयों की अनेक सुंदर और उपयोगी पुस्तकें अलमारियों में रखी रहती हैं । पुस्तकालय में एक पुस्तकालयाध्यक्ष भी होते हैं जो हमें पुस्तकें ढूँढ़कर देने में सहायता करते हैं । पुस्तकालय में बड़ी-बड़ी मेजें और उनके चारों ओर कुर्सियाँ भी लगी रहती हैं । समयसारिणी के अनुसार कक्षाएँ यहाँ आती हैं और इन कुर्सियों पर बैठकर पुस्तकें पढ़ती हैं । पुस्तकालय में एक ओर मेज पर कुछ समाचारपत्र और पत्रिकाएँ भी रखी रहती हैं जिन्हें पढ़ा जा सकता है । पुस्तकालय में जाकर हमें शांत रहना चाहिए तथा पुस्तकालय के नियमों का पालन करना चाहिए ।

**प्रश्न - 1) पुस्तकालय किसका साधन है ?**

**उत्तर** ----------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न - 2) पुस्तकालय में मेज पर क्या रखी रहती हैं ?**

**उत्तर** ----------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न - 3) पुस्तकालय का क्या अर्थ है ?**

**उत्तर** ----------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न - 4) पुस्तकालय में पुस्तकें ढूँढ़कर देने में हमारी सहायता कौन करते हैं ?**

**उत्तर** ----------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न - 5) विलोम शब्द लिखिए : -**

**एक** X --------------------------, **सुंदर** X ---------------------------|